**बिहार दिवस 2026 के अवसर पर गांधी मैदान, पटना में कला एवं संस्कृति विभाग के पंडाल की स्थापना एवं उससे संबंधित गतिविधियों की रूपरेखा पर विचार करने हेतु सचिव, कला एवं संस्कृति विभाग की अध्यक्षता में दिनांक–12.03.2026 को अपराह्न 5.30 बजे आहूत बैठक की कार्यवाही:–**

---

उपस्थिति–

1. अपर सचिव–सह–निदेशक, सांस्कृतिक कार्य
2. निदेशक, संग्रहालय एवं पुरातत्व
3. संयुक्त सचिव, कला एवं संस्कृति विभाग
4. पी0एम0यू0 लीड, कला एवं संस्कृति विभाग
5. सूचना एवं जन सम्पर्क पदाधिकारी, कला एवं संस्कृति विभाग
6. आई0टी0 प्रबंधक, कला एवं संस्कृति विभाग
7. पंडाल निर्माण हेतु चयनित वेंडर के प्रतिनिधि

कार्यवाही–

बैठक में प्रस्तावित पवेलियन के ले–आउट, थीम, प्रदर्शनी क्षेत्रों तथा आगंतुकों की सहभागिता बढ़ाने के लिए प्रस्तावित गतिविधियों पर विस्तार से विचार–विमर्श किया गया। सचिव महोदय द्वारा निर्देश दिया गया कि पंडाल को इस प्रकार विकसित किया जाए कि बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के साथ–साथ विभाग की योजनाओं, कार्यक्रमों एवं गतिविधियों का प्रभावी एवं आकर्षक प्रदर्शन सुनिश्चित हो सके।

बैठक में निम्नलिखित निर्णय/निदेश दिए गए:–

1. प्रस्तावित VIP लाउंज के स्थान पर 'ग्रामीण बिहार की झलक' (Rural Village Glimpse) विकसित किया जाए, जिसमें पारंपरिक ग्रामीण परिवेश, लोक जीवन, हस्तशिल्प तथा लोक संस्कृति से संबंधित घटकों का प्रदर्शन किया जाए।
2. VIP लाउंज एवं प्रशासनिक कार्यालय को एक साथ विकसित किया जाय तथा आवश्यकतानुसार क्षेत्रफल बढ़ाते हुए निविदा अनुरूप सभी मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए।
3. पवेलियन के आंतरिक भाग की विभिन्न गतिविधियों के प्रदर्शन हेतु फिल्म, संग्रहालय, पुरातत्व, Kid Zone, विभागीय योजनाएँ एवं अन्य संबंधित गतिविधियों के पृथक–पृथक जोन का स्पष्ट सीमांकन किया जाए।
4. आगंतुकों को आकर्षित करने के उद्देश्य से पवेलियन परिसर में सेल्फी पॉइंट विकसित किया जाए, जिसमें बिहार की लोक कला, सांस्कृतिक प्रतीकों एवं प्रमुख विरासत स्थलों की झलक प्रदर्शित की जाए।
5. पवेलियन के आंतरिक क्षेत्र में ओवल स्ट्रक्चर रैम्प का निर्माण Live Demonstration के लिए कराया जाय, जिसमें टेराकोटा कला, पारंपरिक वाद्ययंत्रों एवं अन्य लोक कला (मधुबनी, मंजूषा, टिकुली) शिल्पों का हैंड्स–ऑन डेमोंस्ट्रेशन तथा कलाकारों द्वारा लाइव प्रदर्शन (Live Demonstration) की व्यवस्था सुनिश्चित किया जा सके। साथ ही महाबोधी वृक्ष को भी प्रदर्शित किया जाय।
6. पवेलियन के अंदर हेरीटेज कॉर्नर में दो पुरातात्विक स्थलों का 3डी मॉडल बनाना है। इसके अंतर्गत बराबर गुफा एवं केसरिया स्तूप का 3डी मॉडल तैयार किया जा सकता है। हेरीटेज कॉर्नर में बिहार विरासत विकास समिति के द्वारा अपनी गतिविधियों का प्रदर्शन किया जायेगा। इस संबंध में समन्वय श्री अरविन्द कुमार तिवारी, उप कार्यपालक निदेशक, बिहार विरासत विकास समिति द्वारा किया जायेगा।

Culture Letter-2025-26- 1536

7. पवेलियन के भीतर आगंतुकों के सुचारू आवागमन हेतु उचित ले–आउट, मार्ग–निर्देशन (Signage) एवं दर्शक प्रवाह (Visitor Flow) की व्यवस्था की जाए।
8. पवेलियन निर्माण के दौरान विभागीय अधिकारियों की एक टीम प्रतिदिन स्थल का निरीक्षण करेगी तथा निर्माण कार्य की प्रगति एवं गुणवत्ता के संबंध में दैनिक प्रतिवेदन विभाग को उपलब्ध कराएगी।
9. बिहार दिवस के तीनों दिनों के दौरान पवेलियन के संचालन एवं समुचित समन्वय के लिए प्रतिदिन कम से कम एक वरीय पदाधिकारी की उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही विभाग के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मचारी का duty chart भी शीघ्र तैयार कर उपस्थापित करने का निदेश अपर सचिव को दिया गया।
10. आयोजन की व्यापक प्रचार–प्रसार के लिए सोशल मीडिया एजेंसी द्वारा संपूर्ण कार्यक्रम की कवरेज (फोटो, वीडियो, डिजिटल प्रसार आदि) सुनिश्चित की जाए।
11. कार्यक्रम के दौरान पवेलियन में आयोजित गतिविधियों का फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी के माध्यम से समुचित दस्तावेजीकरण कराया जाए।
12. कार्यक्रम के उपरांत पवेलियन में आयोजित गतिविधियों, आगंतुकों की सहभागिता एवं मीडिया कवरेज के संबंध में संक्षिप्त प्रतिवेदन तैयार किया जाए।
13. विभाग की योजनाओं, कार्यक्रमों एवं उपलब्धियों से संबंधित सूचनात्मक ब्रोशर/पुस्तिकाएं पवेलियन में आगंतुकों के लिए उपलब्ध कराई जाएगी।
14. पवेलियन में आगंतुकों के सुझाव एवं अभिमत प्राप्त करने के उद्देश्य से Visitors Book रखा जाएगा, जिसमें आगंतुक अपने विचार एवं सुझाव अंकित कर सकेंगे।
15. पवेलियन में आने वाले आगंतुकों की संख्या का आकलन करने हेतु दैनिक फुटफॉल (Foot fall) का अभिलेख रखा जाएगा, जिससे कार्यक्रम के प्रभाव एवं जन सहभागिता का आकलन किया जा सके।
16. पवेलियन परिसर में सुरक्षा व्यवस्था, अग्नि सुरक्षा (Fire Safety), विधुत व्यवस्था तथा आपातकालीन निकास (Emergency Exit) की व्यवस्था वेंडर द्वारा सुनिश्चित करायी जाय।
17. पवेलियन परिसर में स्वच्छता एवं हाउसकीपिंग की नियमित व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाय।
18. पवेलियन को आमजनों के लिए संवादात्मक बनाने के लिए VR Unit, Quiz Zone, पजल आदि व्यवस्था Children Zone में किया जाय।
19. पवेलियन के निर्माण एवं संचालन के दौरान जिला प्रशासन एवं अन्य एजेंसियों के साथ आवश्यक समन्वय सुनिश्चित किया जाएगा।
20. वेंडर को निदेशित किया गया कि उपर्युक्त सभी निदेशों के आलोक में पवेलियन निर्माण का कार्य ससमय संपादित किया जाए। वेंडर के साथ श्रीमती मिनाक्षी कुमारी चौधरी, पी0एम0यू0 लीड द्वारा समन्वय किया जायेगा।

अंत में सचिव महोदय द्वारा निर्देश दिया गया कि बिहार दिवस के अवसर पर विभागीय पवेलियन इस प्रकार विकसित किया जाए कि आगंतुकों को बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं, लोक कलाओं तथा विभाग की विभिन्न पहलों का आकर्षक एवं ज्ञानवर्द्धक अनुभव प्राप्त हो सके।

बैठक धन्यवाद ज्ञापन के साथ समाप्त हुई।

Culture Letter-2025-26-1537

ह0/- 13/3/26
सचिव,
कला एवं संस्कृति विभाग,
बिहार, पटना।

पत्रांक– 1/विविध01–31/2024...345.../

बिहार सरकार

कला एवं संस्कृति विभाग

ज्ञापांक– ...345.../ पटना, दिनांक 17/3/2026

प्रतिलिपि–सचिव के प्रधान आप्त सचिव/अपर सचिव/सभी निदेशक/संयुक्त सचिव/सहायक निदेशक –सह– जिला एवं जनसम्पर्क पदाधिकारी/आई0टी0 मैनेजर/पी0एम0यू0 लीड, कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार, पटना/ **Pyramid Fabcon Eventmanager Pvt. Ltd., Saran** को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

Smita 17/03/26

(स्मिता कुमारी)
सरकार के अवर सचिव,
कला एवं संस्कृति विभाग।